भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2674**
उत्तर देने की तारीख-17/03/2025

**तमिलनाडु में केंद्रीय विद्यालय और पीएम श्री स्कूल**

**†2674. थिरु दयानिधि मारन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में कार्यरत केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) और पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) स्कूलों की कुल संख्या कितनी है और विगत पांच वर्षों के दौरान इन केवी और पीएम श्री स्कूलों के संचालन के लिए तमिलनाडु सहित राज्यवार कितनी निधि आवंटित और वितरित की गई है;
(ख) तमिलनाडु में संचालित पीएम श्री और केवी स्कूलों में तमिल, हिंदी और संस्कृत भाषाओं के लिए उपलब्ध शिक्षकों की कुल संख्या कितनी है तथा प्रत्येक स्कूल के भाषा विभागों के लिए कितनी निधि आवंटित की गई है; और
(ग) सरकार देश भर में, विशेषकर तमिलनाडु में, जहां तमिल जैसी क्षेत्रीय भाषाएं संचार और शिक्षण का प्राथमिक माध्यम हैं, भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न भाषाओं के शिक्षकों का संतुलित प्रतिनिधित्व किस प्रकार सुनिश्चित करेगी?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य में 45 केवि सहित 1253 केंद्रीय विद्यालय (केवि) पूरे देश में कार्य कर रहे हैं। भारत सरकार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को अनुदान-सहायता-"वेतन", अनुदान-सहायता-सामान्य" और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान के तहत निधियां आवंटित करती है। भारत सरकार केन्द्रीय विद्यालय संगठन को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला/केवि-वार निधियां आवंटित नहीं करती है। पिछले पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय विद्यालय संगठन को केन्द्रीय विद्यालय खोलने और संचालन के लिए आवंटित/जारी की गई निधियां निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **आबंटित/जारी की गई निधियां (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 6331.40 |
| 2020-21 | 6437.68 |

| | |
|---|---|
| 2021-22 | 6800.00 |
| 2022-23 | 7461.25 |
| 2023-24 | 8500.00 |

पीएम श्री योजना का शुभारम्भ दिनांक 07.09.2022 को किया गया। ये विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करते हैं तथा इसके आदर्श विद्यालय हैं। वे पड़ोस के अन्य स्कूलों को भी नेतृत्व प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके 14,500 से अधिक पीएम श्री स्कूल स्थापित करने का प्रावधान है।

वर्तमान में, चयन के छठे चरण तक देशभर में 884 केवि सहित कुल 12,505 स्कूलों को पीएम श्री स्कूल के रूप में चुना गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए पीएम श्री योजना के लिए आवंटित और वितरित निधियों का राज्यवार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) तमिलनाडु में 34 पीएम श्री केवि में 34 तमिल भाषा शिक्षक, 69 हिंदी भाषा शिक्षक और 50 संस्कृत भाषा शिक्षक हैं। तमिल शिक्षकों की नियुक्ति संविदा आधार पर की जाती है, क्योंकि केविसं में स्वीकृत भाषा शिक्षक पद हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत के लिए हैं क्योंकि केवि 'निर्दिष्ट श्रेणी' के स्कूल हैं, जिनका उद्देश्य देश भर में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को एक समान शिक्षा प्रदान करना है। किसी भी विशिष्ट भाषा के लिए कोई अलग से निधियां आवंटित नहीं की जाती है।

(ग) केवि मुख्य रूप से उन छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं जो केंद्र सरकार के स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों के बच्चे हैं और जो विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि से आते हैं। इसलिए, केवि में संप्रेषण व्यवहार और शिक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी है। तथापि, केन्द्रीय विद्यालय संगठन की शिक्षा संहिता के अनुच्छेद 112 में क्षेत्रीय भाषाओं को पढ़ाने का प्रावधान है, जो क्षेत्रीय भाषा/मातृभाषा के शिक्षण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था प्रदान करता है, बशर्ते 15 या उससे अधिक छात्र इसे चुनने के लिए तैयार हों। इसके लिए, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के संबंधित उपायुक्त से मंजूरी प्राप्त करने के बाद अंशकालिक संविदा शिक्षक नियुक्त किए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार, सभी केवि को आधारभूत और प्रारंभिक चरणों में बच्चों की सहायता के लिए आवश्यकता के आधार पर संविदा आधार पर स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा शिक्षकों को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है, विशेषकर तब जब उन्हें हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ाई गई अवधारणाओं को समझने में कठिनाई होती है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त सूचना के अनुसार, तमिलनाडु के 45 में से 21 केवि में तमिल भाषा तमिलनाडु राज्य सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन तमिल वर्चुअल अकादमी (टीवीए) के माध्यम से पढ़ाई जाती है। शेष 24 केवि में तमिल पढ़ाने के लिए संविदा पर शिक्षक रखे गए हैं।

******

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य थिरु दयानिधि मारन द्वारा 'तमिलनाडु में केंद्रीय विद्यालय और पीएम श्री स्कूल' के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2674 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वित्तीय वर्ष 2023-24 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पीएम श्री स्कूलों के लिए आवंटित और वितरित निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

**(रूपए करोड़ में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/ केवि/नवि | वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमोदित निधियां | वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्रीय भाग | वित्त वर्ष 2023-24 में जारी की गई निधियां | वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमोदित निधियां | वित्त वर्ष 2024-25 में केंद्रीय भाग | वित्त वर्ष 2024-25* में जारी की गई निधियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 6.25 | 6.25 | 1.56 | 5.27 | 5.27 | 2.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 354.86 | 212.91 | 106.46 | 701.65 | 420.99 | 176.76 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 18.73 | 16.857 | 4.21 | 49.55 | 44.595 | 21.6 |
| 4. | असम | 127.47 | 114.723 | 57.36 | 296.28 | 266.65 | 84.16 |
| 5. | चंडीगढ़ | 0.73 | 0.73 | 0.64 | 1.77 | 1.77 | 0.8 |
| 6. | छत्तीसगढ | 65.8 | 39.48 | 19.73 | 180.7 | 108.42 | 37.35 |
| 7. | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 2.6 | 2.6 | 0.65 | 1.5 | 1.5 | 0.51 |
| 8. | गोवा | 6.19 | 3.714 | 3.25 | 15.24 | 9.144 | 3.08 |
| 9. | गुजरात | 109.79 | 65.874 | 32.95 | 145.84 | 87.504 | 36.15 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | - | - | - | 150.39 | 135.351 | 67.67 |
| 11. | हरियाणा | 85.27 | 51.162 | 25.59 | 199.01 | 119.40 | 56.09 |
| 12. | जम्मू और कश्मीर | 116.44 | 104.796 | 52.39 | 246.73 | 222.05 | 99.72 |
| 13. | झारखंड | - | - | - | 258.72 | 155.23 | 38.80 |
| 14. | कर्नाटक | 50.3 | 30.18 | 26.4 | 248.42 | 150.85 | 31.4 |
| 15. | लद्दाख | 8.09 | 8.09 | 4.04 | 23.86 | 23.86 | 5.24 |
| 16. | लक्षद्वीप | 4.36 | 4.36 | 1.09 | 4.12 | 4.12 | 0 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 219.99 | 131.994 | 44.52 | 329.09 | 197.45 | 103.14 |
| 18. | महाराष्ट्र | 211.35 | 126.81 | 63.42 | 504.63 | 302.778 | 71.00 |
| 19. | मणिपुर | 39.19 | 35.271 | 17.63 | 81.79 | 73.611 | 20.46 |
| 20. | मेघालय | 9.55 | 8.595 | 4.29 | 30.94 | 27.846 | 12.44 |
| 21. | मिजोरम | 9.12 | 8.208 | 4.12 | 11.27 | 10.143 | 2.34 |
| 22. | नगालैंड | 4.34 | 3.906 | 0.97 | 23.38 | 21.042 | 0 |
| 23. | ओडिशा | - | - | - | 435.03 | 261.018 | 65.25 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | पुदुचेरी | 3.92 | 2.352 | 2.05 | 10.61 | 6.366 | 2.99 |
| 25. | पंजाब | - | - | - | 209.46 | 125.676 | 62.83 |
| 26. | राजस्थान | 163.95 | 98.37 | 24.6 | 366.76 | 220.056 | 59.37 |
| 27. | सिक्किम | 22.62 | 20.358 | 10.18 | 28.08 | 25.272 | 15.10 |
| 28. | तेलंगाना | 398.69 | 239.214 | 59.82 | 447.64 | 268.584 | 147.97 |
| 29. | त्रिपुरा | 26.24 | 23.616 | 11.8 | 46.2 | 41.58 | 19.21 |
| 30. | उत्तराखंड | 72.91 | 65.619 | 57.41 | 124.19 | 111.771 | 31.85 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | 404.98 | 242.988 | 121.49 | 513.36 | 308.016 | 146.19 |
| 32. | केविसं | 590.71 | 590.71 | 295.35 | 668.78 | 668.78 | 542.69 |
| 33. | नविस | 260.73 | 260.73 | 162.74 | 567.23 | 567.23 | 441.03 |
| **कुल** | | **3395.16** | **2520.47** | **1216.7** | **6927.49** | **4993.9** | **2406.02** |

* दिनांक 11.03.2025 तक

तमिलनाडु राज्य अभी तक पीएम श्री योजना में शामिल नहीं हुआ है।

*****